फा.सं. ई-14-3/2018-पीएसए
भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
20, अशोक रोड़, संचार भवन, नई दिल्ली-110001

********

दिनांक: 21 जनवरी, 2019

**विषय:** भारतीय टेलीफोन उद्योग (आईटीआई) लिमिटेड में गवेक्षण-सह-चयन प्रक्रिया के जरिए तत्काल आमेलन आधार पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्ति।

भारत सरकार ने आईटीआई लिमिटेड में 27,750-750-31,500/-रू. (1997 वेतन स्केल) के वेतनमान में तत्काल आमेलन आधार पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की नियुक्ति करने के लिए अध्यक्ष, सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) की अध्यक्षता में एक गवेक्षण-सह-चयन समिति गठित की है। इस पद से जुड़े कार्यो के विवरण की प्रति संलग्न है।

2. आईटीआई लिमिटेड दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन लघु और लाईट इंजीनियरी क्षेत्र का अनुसुची "क" की श्रेणी में आने वाला सीपीएसई है।

3. पात्रता विवरण और आवेदन के प्रपत्र सहित पद के विवरण (जेडी) को दूरसंचार विभाग की वेबसाइट http://www.dot.gov.in. से डाउनलोड किया जा सकता है।

4. अनुरोध है कि कार्य विवरण में निर्दिष्ट आवश्यकता के अनुसार उक्त पद के लिए योग्य पाए जाने वाले अभ्यर्थियों के नामों को वरिष्ठता के क्रम में संगत दस्तावेजों की प्रति सहित निम्नलिखित पते पर भेजा जाए अथवा उक्त दस्तावेजों की स्कैन्ड प्रति को rajeshk.niraj@nic.in पर ई-मेल किया जाए ताकि अपेक्षित विवरण इस कार्यालय को हर हालत में **दिनांक 18.02.2019 को 5:30 बजे तक** भेज दिया जाए।

श्री राजेश कुमार नीरज
अवर सचिव (पीएसए)
कमरा सं. 415, संचार भवन,
20 अशोक रोड़, नई दिल्ली।
दूरभाष: 011-23036190, फैक्स: 011-23717416

5. आवेदक को अपना **आवेदन अपने संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत** करना चाहिए तथा वे अनिवार्यतया यह सुनिश्चित करें कि **आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि यानि दिनांक 18.02.2019 को अपराह्न 5:30 बजे तक** उनका आवेदन दूरसंचार विभाग में प्राप्त हो जाए।

6. इस संबंध में यह भी अनुरोध है कि इन अभ्यर्थियों की सतर्कता प्रोफाइल सहित पिछले दस वर्षों की वार्षिक गोपनीयता रिपोर्ट को तैयार रखने के लिए अग्रिम कार्रवाई की जाए। [(i) पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाई गई शास्ति, यदि कोई हो तो (ii) शुरू की गई/शुरू की जा रही अनुशासनात्मक कार्रवाई का ब्यौरा, यदि कोई हो तो, आदि।] ताकि जब कभी भी चयन समिति की बैठक आयोजित हो तो उक्त विवरण अविलंब भेजा जा सके।

7. यदि निर्धारित समय के भीतर संगत विवरण प्राप्त नहीं होते हैं तो यह माना जाएगा कि उक्त पद पर नियुक्ति किए जाने के लिए कोई भी पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं है।

राजेश कु० नीरज 31/1/2019

(राजेश कुमार नीरज)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23036190

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
2. राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव।
3. सचिव (टी) और अध्यक्ष डिजिटल संचार आयोग, दूरसंचार विभाग के पीएसओ।
4. डिजिटल संचार आयोग, दूरसंचार विभाग के सदस्य/सदस्यों के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव।
5. अपर सचिव (टी), दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव।
6. दूरसंचार विभाग के सलाहकार/सलाहकारों के प्रधान निजी सचिव।
7. दूरसंचार विभाग के सभी वरिष्ठ उप महानिदेशकों के प्रधान निजी सचिव।
8. बेतार सलाहकार, डब्ल्यूपीसी, दूरसंचार विभाग।
9. संयुक्त सचिव (टी)/संयुक्त सचिव (ए), दूरसंचार विभाग के प्रधान निजी सचिव।
10. मुख्य महाप्रबंधक, बीएसएनएल, एमटीएनएल, टीसीआईएल, आईटीआई और प्रशासक (यूएसओएफ) के प्रधान निजी सचिव तथा मुख्य महाप्रबंधक, बीबीएनएल।
11. सचिव (पीईएसबी) के प्रधान निजी सचिव, ब्लॉक सं.14, सीजीओ कॉम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली। अनुरोध है कि उक्त पत्र की एक प्रति को पीईएसबी की वेबसाईट पर अपलोड करें।
12. निदेशक (पुर्नगठन), दूरसंचार विभाग को दूरसंचार विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने के लिए।
13. गार्ड फाईल और कार्यालय फोल्डर।

फाईल सं. ई-14-3/2018-पीएसए
भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
संचार भवन, 20 अशोक रोड, नई दिल्ली-110001

********

**विषय:** भारतीय टेलीफोन उद्योग (आईटीआई) लिमिटेड में गवेक्षण-सह-चयन प्रक्रिया के जरिए तत्काल आमेलन आधार पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद पर नियुक्ति।

| | | |
|---|---|---|
| **केन्द्र सरकार का सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम (सीपीएसई) का नाम** | : | भारतीय टेलीफोन उद्योग (आईटीआई) लि. |
| **पद का नाम** | : | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) |
| **रिक्ति की तिथि** | : | दिनांक 01.06.2018 |
| **सीपीएसई की अनुसूची** | : | अनुसूची 'क' |
| **वेतनमान** | : | 27,750-750-31,500/- रू. [1997 वेतनमान] |

1. <u>**कंपनी का परिचय:**</u>

सरकार को संवेदनशील और कार्यनीतिक दूरसंचार क्षेत्रों में सहायता प्रदान करने तथा संचार, इंटरनेट और मनोरंजन कारोबार के अभिसरण संबंधी अवसरों का फायदा उठाने के उद्देश्य से आईटीआई लिमिटेड को भारतीय कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित किया गया था। उक्त कंपनी दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन लघु और लाइट इंजीनियरी क्षेत्र का अनुसूची 'क' की श्रेणी में आने वाला सीपीएसई है।

इसका पंजीकृत और निगमित कार्यालय बंगलोर, कर्नाटक में स्थित है।

दिनांक 31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार उक्त कंपनी की प्राधिकृत और प्रदत्त पूँजी क्रमश: 1200 करोड़ रूपए और 760 करोड़ रूपए हैं।

उक्त कंपनी में भारत सरकार की शेयरधारिता 89.97% है।

2. <u>**कार्य विवरण और उत्तरदायित्व:**</u>

अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक उक्त कॉरपोरेशन के मुख्य कार्यकारी हैं तथा वे निदेशक मण्डल और भारत सरकार के प्रति उत्तरदायी हैं। वे उक्त निगम के कुशल काम-काज तथा इसके निगमित उद्देश्यों तथा निष्पादन मापदण्डों को प्राप्त करने के लिए उत्तरदायी हैं।

3. <u>**पात्रता:**</u>

I. <u>**आयु**</u>: रिक्ति होने की तारीख को (डीओवी):

| सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष | | | |
|---|---|---|---|
| आंतरिक | | अन्य | |
| न्यूनतम | अधिकतम | न्यूनतम | अधिकतम |
| 45 | सेवानिवृत्ति की आयु के संदर्भ में रिक्ति की तिथि से 2 वर्षों की अवशिष्ट सेवा | 45 | सेवानिवृत्ति की आयु के संदर्भ में रिक्ति की तिथि से 3 वर्षों की अवशिष्ट सेवा |

(ख) सरकारी अधिकारी

(i) केन्द्र सरकार/अखिल भारतीय सेवाओं के आवेदक आवेदन करने की तारीख को भारत सरकार के संयुक्त सचिव स्तर के पद पर अथवा समतुल्य वेतनमान पर कार्यरत होने चाहिए। ऐसे आवेदक तत्काल आमेलन आधार पर विचार के लिए पात्र होंगे।

(ii) देश की सशस्त्र सेनाओं के आवेदक आवेदन करने की तारीख को थल सेना में मेजर जनरल पद पर अथवा नौ सेना/वायु सेना में समतुल्य स्तर पर कार्यरत होने चाहिए। ये अधिकारी तत्काल आमेलन आधार पर विचार के लिए पात्र होंगे।

(ग) राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों/निजी क्षेत्र के आवेदक बोर्ड स्तरीय पद पर कार्यरत होने चाहिए।

4. <u>नियुक्ति की अवधि</u>

यह नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने से पांच वर्ष की अवधि अथवा अधिवर्षिता की तारीख अथवा अगले आदेश, इनमें जो भी पहले हो, तक के लिए होगी।

5. <u>आवेदन प्रस्तुत करना</u>

सभी आवेदकों को अपने आवेदन अनुबंध-I में दिए गए प्रारूप के अनुसार भेजने चाहिए।

I. आवेदकों को अपने आवेदन उचित माध्यम से भेजने चाहिए:

(क) केन्द्र के सशस्त्र बलों तथा अखिल भारतीय सेवा सहित सरकारी अधिकारियों को : कॉडर नियंत्रक प्राधिकारी के माध्यम से।

(ख) सीपीएसई के सीएमडी/एमडी/फंक्शनल निदेशक: संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय के माध्यम से

(ग) सीपीएसई में बोर्ड के स्तर से नीचे के अधिकारी : संबंधित सीपीएसई के माध्यम से।

(घ) राज्य के पीएसई के सीएमडी/एमडी/फंक्शनल निदेशक: यदि कोई हो तो राज्य के संबंधित प्रशासनिक सचिव तथा कॉडर नियंत्रक प्राधिकारी के माध्यम से।

(ङ) निजी क्षेत्र के आवेदक अपना आवेदन दूरसंचार विभाग को सीधा भेज सकते हैं।

II. निजी क्षेत्र के आवेदक आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक रूप से संलग्न करें:

(क) उस कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट जिसमें पूर्व के केलेण्डर वर्ष जिसमें इस पद के लिए विज्ञापन दिया गया हो तथा तीन वित्तीय वर्ष तक कार्य किया हो (कृपया यूआरएल लिखे अथवा प्रतियां संलग्न करें)।

(ख) क्या यह कंपनी सूचीबद्ध है अथवा नहीं; यदि हां, तो दस्तावेज का साक्ष्य (कृपया यूआरएल लिखे अथवा प्रतियां संलग्न करें)

(ग) बोर्ड स्तर पर कार्य करने का साक्ष्य

(घ) आयु एवं अर्हताओं से संबंधित दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियां

(ङ) विगत में संभाले गए संबंधित कार्यों का विस्तृत विवरण

6. आवेदको द्वारा अण्डरटेकिंग:

**आवेदक को आवेदन के हिस्से के रूप में यह अण्डरटेकिंग देनी है कि वे चयन होने पर इस पद पर पदभार ग्रहण करेंगे। यदि कोई आवेदक ऐसी अण्डरटेकिंग नहीं देता है, तो उनका आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।**

I. **केन्द्र सरकार/केन्द्र सरकार के सशस्त्र बल/अखिल भारतीय सेवाओं के अभ्यर्थियों के लिए**

(क) यह नियुक्ति तत्काल आमेलन के आधार पर है।

(ख) यदि साक्षात्कार के बाद कोई अभ्यर्थी कार्यभार ग्रहण करने की अनिच्छा व्यक्त करता/करती है तो उसे साक्षात्कार की तारीख से दो वर्षों की अवधि के लिए **किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई)** में बोर्ड स्तर के किसी पद पर विचार किए जाने से रोक दिया जाएगा।

(ग) इसके अलावा यदि कोई अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र जारी किए जाने के बाद कार्यभार ग्रहण करने की अनिच्छा व्यक्त करता/करती है तो उसे नियुक्ति पत्र जारी किए जाने की तारीख से दो वर्षों की अवधि के लिए **किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई)** में बोर्ड स्तर के किसी पद पर विचार किए जाने से रोक दिया जाएगा।

II. **सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के अभ्यर्थियों के लिए**

(क) यदि साक्षात्कार के बाद कोई अभ्यर्थी कार्यभार ग्रहण करने की अनिच्छा व्यक्त करता/करती है तो उसे साक्षात्कार की तारीख से दो वर्षों की अवधि के लिए उस **सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई)** जहां वह कार्यरत है, के अलावा किसी अन्य सीपीएसई में बोर्ड स्तर के किसी भी पद पर विचार करने से रोक दिया जाएगा।

(ख) यदि कोई अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र जारी किए जाने के बाद कार्यभार ग्रहण करने की अनिच्छा व्यक्त करता/करती है तो उसे नियुक्ति पत्र जारी करने की तारीख से दो वर्षों की अवधि के लिए उस **सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई)** जहां वह कार्यरत है, के अलावा किसी अन्य सीपीएसई में बोर्ड स्तर के किसी भी पद पर विचार करने से रोक दिया जाएगा।

III. **राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों/निजी क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए**

**(क)** यदि कोई अभ्यर्थी साक्षात्कार के बाद कार्यभार ग्रहण करने की अनिच्छा व्यक्त करता/करती है तो उसे साक्षात्कार की तारीख से दो वर्षों की अवधि के लिए जिस **सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम** में वह कार्यरत है के अलावा किसी अन्य **सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई)** में बोर्ड स्तर के किसी भी पद पर विचार करने से रोक दिया जाएगा।

**(ख)** यदि कोई अभ्यर्थी नियुक्ति पत्र जारी किए जाने के बाद कार्यभार ग्रहण करने की अनिच्छा व्यक्त करता/करती है तो उसे नियुक्ति पत्र जारी करने की तारीख से दो वर्षों की अवधि के लिए जिस सीपीएसई वह कार्यरत है के अलावा किसी अन्य **सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई)** में बोर्ड स्तर के किसी भी पद पर विचार करने से रोक दिया जाएगा।

IV. **उपरोक्त मामलों में छूट अथवा अन्य किसी भी प्रकार के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

दूरसंचार विभाग को आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख **<u>18.02.2019</u>** को अपराह्न 5.30 बजे तक है।

निर्धारित समय-सीमा के बाद किसी भी स्थिति में कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अपूर्ण आवेदन (उपरोक्त कॉलम 5 के तहत यथा निर्धारित उचित माध्यम से नहीं भेजे गए आवेदनों सहित) निरस्त कर दिए जाएंगे।

**सर्च सह चयन समिति के पास साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की लघु सूची तैयार करने का अधिकार सुरक्षित है।**

आवेदन सचिव (दूरसंचार), दूरसंचार विभाग, संचार भवन, 20 अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 के पते पर भेजा जाना चाहिए।

*******************

अनुबंध - I

केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसई)/केन्द्र सरकार (केन्द्र सरकार के सशस्त्र बलों/अखिल भारतीय सेवाओं सहित)/राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (एसपीएसई)/निजी क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन पत्र

(निजी क्षेत्र के अभ्यर्थियों को छोड़कर उचित माध्यम (प्रोपर चैनल) से)

इस पद से संबंधित कार्य की जानकारी के विवरण के लिए कृपया दूरसंचार विभाग की वेबसाइट (www.dot.gov.in) को देखें।

फोटो चिपकाएं

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन किए गए पद का नाम | |
| 2. | (क). आवेदक का नाम (कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री/श्रीमती/सुश्री) | |
| | (ख) आवेदक का पद नाम (पूरा) | |
| | (ग) कंपनी का नाम | |
| | (घ) रोजगार की स्थिति के अनुसार श्रेणी (सीपीएसई /केन्द्र सरकार /केन्द्र सरकार के सशस्त्र बल/अखिल भारतीय सेवाओं/ एसपीएसई/निजी क्षेत्र के अधिकारी)<br><br>कृपया उपरोक्त में से श्रेणी बताएं। | |
| | (ङ) कार्यालय का पता | |
| | (च) पत्राचार का पता | |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | टेलीफोन नं. कार्यालय<br><br>आवास:<br><br>मोबाइल नं.<br><br>ई-मेल: | |
| 4. | जन्म तिथि(दिन/मास/वर्ष)<br>रिक्ति की तारीख को आयु (वर्ष/महीने/दिन) | |

5. (i) शैक्षणिक/व्यवसायिक अर्हताएं:

| क्र. सं. | अर्हताएं * | संस्था का नाम | अध्ययन की अवधि | | संबंधित कॉलम को टिक करें कोर्स का प्रकार | | | संबंधित कॉलम को टिक करें कोर्स के प्रमाण-पत्र का प्रकार | | | इस आशय की स्व-घोषणा कि वांछित शैक्षणिक योग्यता को पूरी करते हैं | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | | 6 | | | 7 | | |
| | | | से | तक | अंश कालिक | पूर्ण कालिक | पत्राचार | डिग्री | डिप्लोमा | सर्टिफिकेट | आवश्यक | वांछित | अन्य |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | |

*यह पूरी तरह विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री/प्रमाण-पत्र के अनुसार होना चाहिए।

5. (ii) दूरसंचार विभाग की वेबसाइट पर इस रिक्ति से संबंधित परिपत्र अपलोड करने की तारीख से विगत दस वर्षों के दौरान धारित पद।

| क्र. सं. | पूरा पदनाम और तैनाती का स्थान* | संगठन का नाम | वेतनमान ** | अवधि | | अधिकारी जिसे रिपोर्ट करते हैं उनका पदनाम* | इस आशय की स्व-घोषणा कि आवश्यक अनुभव संबंधी योग्यता को पूरी करते हैं | | यदि हां, तो घोषणा के समर्थन में ड्यूटी की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 | 7 | | 8 |
| | | | | से | तक | | हां | नहीं | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |

*यह यथार्थत: सीपीएसई/मंत्रालय/एसपीएसई/नियोक्ता द्वारा जारी किए गए विशिष्ट कार्यालय आदेश के अनुसार होना चाहिए।

**निजी क्षेत्र-सीटीसी/आहरित पारिश्रमिक/परिलब्धियां।

कृपया ध्यान दीजिए: पदों को एकदम हाल ही की नियुक्तियों के क्रम में दर्शाया जाना चाहिए।

**टिप्पणी:** 1. अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में एक **विवरण** संलग्न करें जो 3500 शब्दों से अधिक न हो ताकि साक्षात्कार के दौरान इस विवरण का अवलोकन किया जा सके। सभी प्रयुक्त संक्षप्तियों के संपूर्ण रूप को अक्षरों की निर्धारित सीमा के भीतर ही दर्शाएं।

6. (क) क्या आपका अपने मौजूदा संगठन के अलावा किसी अन्य संगठन में पुनर्ग्रहणाधिकार (लियन) है? हां/नहीं
यदि हां:

i संगठन का नाम जिसमें पुनर्ग्रहणाधिकार है:

ii ऐसे पुनर्ग्रहणाधिकार की तारीख :

(ख) क्या आप प्रतिनियुक्ति पर हैं? हां/नहीं

I मूल संगठन का नाम:

Ii आप किस तारीख से प्रतिनियुक्ति पर हैं:

7. (क) क्या विगत 10 वर्षों के दौरान आवेदक को कोई जुर्माना/ दण्ड दिया गया था? हां/नहीं
यदि हां तो उसका ब्यौरा दें:

i) सिविल/आपराधिक ii) विभागीय जांच

(ख) अभ्यर्थी के ज्ञान के अनुसार, क्या उसके विरूद्ध कोई सिविल अथवा आपराधिक कार्रवाई अथवा जांच चल रहीं है? हां/नहीं

यदि हां, तो उसका विवरण दें।

i) सिविल/आपराधिक ii) विभागीय जांच

मैं यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे पूरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार कॉलम 1 से 7 में दिया गया और यथा लागू विवरण, पूर्णतया सत्य है। इसके अतिरिक्त, मैं यह भी प्रमाणित करता/करती हूँ कि मैं पद के लिए विज्ञापन में दिए गए पात्रता संबंधी मानदण्डों को पूरा करता/करती हूँ।

दिनांक:

स्थान:

(आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर)

## राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम

8. कैलेण्डर वर्ष जिसमें पद का विज्ञापन दिया गया है, उससे पहले के 3 वित्त वर्षों का उस कंपनी का लेखापरीक्षित वार्षिक कारोबार "टर्न ओवर" **जिसमें आप कार्यरत हैं** (उदाहरणार्थ - कैलेण्डर वर्ष 2017 में विज्ञापित पद के लिए वर्ष 2013-14, 2014-15 और 2015-16)।

| कंपनी, जिसमें अभ्यर्थी इस समय कार्यरत है | वर्ष | कंपनी का वार्षिक कारोबार (करोड़ रू. में) |
|---|---|---|
| | | |

(i) कृपया कंपनी की वेवसाइट का यूआरएल और सीआईएन (कारपोरेट पहचान संख्या) लिखें:

(क) यूआरएल (कंपनी वेवसाइट पता)............................................................

(ख) सीआईएन (कारपोरेट पहचान संख्या).........................................

(ii) मैं यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि मैं बोर्ड स्तरीय पद पर नियुक्त हूँ: हां/नहीं

यदि हां: कृपया अपनी डीआईएन (निदेशक पहचान संख्या) लिखें:..............................

मैं यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे पूरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार कॉलम संख्या 1 से 8 में दिया गया और यथालागू विवरण, पूर्णतया सत्य है। इसके अतिरिक्त, मैं यह भी प्रमाणित करता/करती हूँ कि मैं विज्ञापित पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदण्ड को पूरा करता/करती हूँ।

दिनांक:
स्थान:

(आवेदक का नाम और हस्ताक्षर)

## निजी क्षेत्र

8. कैलेण्डर वर्ष जिसमें पद का विज्ञापन दिया गया है, उससे पहले के 3 वित्त वर्षों का उस कंपनी का लेखापरीक्षित वार्षिक कारोबार "टर्न ओवर" जिसमें आप कार्यरत हैं (उदाहरणार्थ-कैलेण्डर वर्ष 2017 में विज्ञापित पद के लिए वर्ष 2013-14, 2014-15 और 2015-16)।

| कंपनी, जिसमें अभ्यर्थी इस समय कार्यरत है | वर्ष | कंपनी का वार्षिक कारोबार (करोड़ रू. में)* |
|---|---|---|
| | | |

* यदि वार्षिक कारोबार "टर्ण ओवर" (एटीओ) विदेशी मुद्रा में है तो विनिमय दर का उपयोग को, दूरसंचार विभाग की वेवसाइट पर रिक्ति (विज्ञापन) को अपलोड करने की तारीख की स्थिति के अनुसार करें।

(i) कृपया कंपनी की वेवसाइट का यूआरएल और सीआईएन (कारपोरेट पहचान संख्या) लिखें:

(क) यूआरएल (कंपनी वेवसाइट पता)............................................................

(ख) सीआईएन (कारपोरेट पहचान संख्या).........................................

(ii) मैं यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि मैं बोर्ड स्तरीय पद पर नियुक्त हूँ: हां/नहीं
यदि हां: कृपया अपनी डीआईएन (निदेशक पहचान संख्या) लिखें:

(iii) आप जिस कंपनी में कार्यरत है क्या वह स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है: हां/नहीं

स्टॉक एक्सचेंज ....................................
सूचीबद्ध होने का प्रमाण .........................पर देख सकते हैं (कृपया यूआरएल प्रदान करें)।

(iv) आयु एवं शैक्षिक योग्यता के प्रमाण के लिए स्व-प्रमाणित प्रतियां (संलग्न हैं)।

मैं यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे पूरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार कॉलम संख्या 1 से 8 में दिया गया और यथालागू विवरण, पूर्णतया सत्य है। इसके अतिरिक्त, मैं यह भी प्रमाणित करता/करती हूँ कि मैं विज्ञापित पद के लिए निर्धारित पात्रता मानदण्ड को पूरा करता/करती हूँ।

दिनांक:
स्थान:

(आवेदक का नाम और हस्ताक्षर)

## घोषणा

मैं.................................सुपुत्र/सुपुत्री..........................................एतदद्वारा प्रमाणित करता/करती हूँ कि मुझे भारतीय कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 अथवा अन्य किन्ही धाराओं के तहत निदेशक के रूप में कार्यकरने के लिए अयोग्य नहीं ठहराया गया है।

दिनांक:
स्थान:

(आवेदक का नाम और हस्ताक्षर)

## वचनबंद्ध (यथालागू)

केन्द्र सरकार/संघ के सशस्त्र बलों/अखिल भारतीय सेवाओं/एसपीएसई के अभ्यर्थियों के लिए

यह नियुक्ति तत्काल आमेलन के आधार पर है। यदि मेरा चयन हो जाता है, तो मैं एतदद्वारा पदभार ग्रहण करने का वचन देता/देती हूँ। मुझे यह ज्ञात है कि:

(क) यदि मैं साक्षात्कार होने के बाद, परन्तु नियुक्ति-प्रस्ताव जारी होने से पहले, कार्यभार ग्रहण में अपनी अनिच्छा व्यक्त करता/करती हूँ, तो मुझे किसी भी सीपीएसई में बोर्ड स्तरीय पद के लिए विचार करने हेतु, साक्षात्कार की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिए विवर्जित कर दिया जाएगा।

(ख) इसके अतिरिक्त, यदि मैं नियुक्ति-प्रस्ताव जारी होने के बाद, कार्यभार ग्रहण करने में अपनी अनिच्छा व्यक्त करता/करती हूँ, तो मुझे किसी भी सीपीएसई में बोर्ड स्तरीय पद के लिए विचार करने हेतु, साक्षात्कार की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिए विवर्जित कर दिया जाएगा।

दिनांक:
स्थान:

(आवेदक का नाम और हस्ताक्षर)

<u>सीपीएसई के अभ्यर्थियों के लिए</u>

यदि मेरा चयन हो जाता है, तो एतदद्वारा मैं पदभार ग्रहण करने का वचन देता हूँ/देती हूँ। मुझे यह ज्ञात है कि:

(क) यदि मैं साक्षात्कार होने के बाद, परन्तु नियुक्ति-प्रस्ताव जारी होने से पहले, कार्यभार ग्रहण में अपनी अनिच्छा व्यक्त करता/करती हूँ, तो मुझे अपने सीपीएसई को छोड़कर, किसी भी अन्य सीपीएसई में बोर्ड स्तरीय पद के लिए विचार करने हेतु, साक्षात्कार की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिए विवर्जित कर दिया जाएगा।

(ख) इसके अतिरिक्त, यदि मैं नियुक्ति-प्रस्ताव जारी होने के बाद, कार्यभार ग्रहण करने में अपनी अनिच्छा व्यक्त करता/करती हूँ, तो मुझे अपने सीपीएसई को छोड़कर, किसी भी अन्य सीपीएसई में बोर्ड स्तरीय पद के लिए विचार करने हेतु, साक्षात्कार की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिए विवर्जित कर दिया जाएगा।

दिनांक:
स्थान:

(आवेदक का नाम और हस्ताक्षर)

<u>निजी क्षेत्रके अभ्यर्थियों के लिए</u>

यदि मेरा चयन हो जाता है, तो एतदद्वारा मैं पदभार ग्रहण करने का वचन देता/देती हूँ। मुझे यह ज्ञात है कि:

(क) यदि मैं साक्षात्कार होने के बाद, परन्तु नियुक्ति-प्रस्ताव जारी होने से पहले, कार्यभार ग्रहण में अपनी अनिच्छा व्यक्त करता/करती हूँ, तो मुझे किसी भी सीपीएसई में बोर्ड स्तरीय पद के लिए विचार करने हेतु, साक्षात्कार की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिए विवर्जित कर दिया जाएगा।

(ख) इसके अतिरिक्त, यदि मैं नियुक्ति-प्रस्ताव जारी होने के बाद, कार्यभार ग्रहण करने में अपनी अनिच्छा व्यक्त करता/करती हूँ, तो मुझे किसी भी सीपीएसई में बोर्ड स्तरीय पद के लिए विचार करने हेतु, साक्षात्कार की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिए विवर्जित कर दिया जाएगा।

दिनांक:
स्थान:

(आवेदक का नाम और हस्ताक्षर)

<u>सत्यापन</u>

(सीपीएसई/केन्द्र सरकार/संघ के सशस्त्र बलों/अखिल भारतीय सेवाओं/एसपीएसई के नामोद्दिष्ट अधिकारी द्वारा भरा जाए)

यह प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दिए गए विवरण की संवीक्षा कर ली गई है और इसे सरकारी रिकार्ड के अनुसार सही पाया गया है।

(सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर और पदनाम
दूरभाष सं. और ई-मेल पते सहित)

*****